भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

27.11.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1545 का उत्तर

बकाया रिक्तियां

1545. श्रीमती संगीता आजादः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारतीय रेल बेरोजगारों को अधिकतम रोजगार अवसर प्रदान करती है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को उनके लिए आरक्षित सीटों के अनुपात में भर्ती नहीं किया जा रहा है;

(ग) यदि हां, तो क्या मंत्रालय द्वारा अ.जा., अ.ज.जा. और अन्य पिछड़ा वर्ग की बकाया रिक्तियों को भरे जाने की संभावना है;

(घ) यदि हां, तो बकाया रिक्तियां कब तक भरी जाएंगी; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क): जी हां। भारतीय रेलें प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर प्रदान करती हैं। संगठन में रिक्तियां खुली भर्ती के माध्यम से भरी जाती हैं। अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर स्टेशन विकास कार्यक्रमों जैसी योजनाओं के माध्यम से उत्पन्न होते हैं जिनमें अवसंरचना के निर्माण, संचालन और अनुरक्षण, खाली रेलवे भूमि के वाणिज्यिक उपयोग और स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए निजी क्षेत्र द्वारा निवेश की परिकल्पना की जाती है और ये सभी कारोबार के कई अवसर पैदा करते हैं और रोजगार सृजन को बढ़ावा देते हैं।

(ख): पिछले 3 वर्षों में हुई सीधी भर्ती के आंकड़े निम्नानुसार हैं:

वर्ष	**पैनलबद्ध अभ्यर्थियों की संख्या**				**कुल**
	अनारक्षित	**अजा**	**अजजा**	**अपिव**	
कुल	**19224**	**6352**	**3247**	**11591**	**40414**
निर्धारित प्रतिशत	**50.5%**	**15%**	**7.5%**	**27%**	**100%**
निर्धारित प्रतिशत	**47.6%**	**15.7%**	**8.0%**	**28.7%**	**100%**

(ग): प्रश्न नहीं उठता।

(घ): प्रश्न नहीं उठता।

(ङ): प्रश्न नहीं उठता।

****